हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 17 अगस्त 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 अंचल में आन बान शान के साथ मना स्वतंत्रता दिवस


10 विहिप व बजरंग दल ने जलाया जिहादियों …





## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-490023**

आवेदन की अंतिम तिथि 24/08/2024

फायर सेफ्टी के कोर्स
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



Advt.



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
98062 87706
Website : ssscn.ac.in


खबर संक्षेप

### मंदिर में रुद्राभिषेक किया जाएगा आज



**गुरूर।** ऐतिहासिक कालभैरव मंदिर के लिए शनिवार को भव्य जलयात्रा निकाली जाएगी। जलयात्रा नगर के गणेशा तालाब से प्रारंभ होगी। जहां से महिला मण्डल की सदस्य कावरिया संघ के कांवरिया लेकर कालभैरव मंदिर पहुंचेगे जहां रूद्राभिषेक किया जाएगा। कालभैरव मंदिर मे सावन माह के आरंभ होने के साथ ही 33 दिन का रूद्राभिषेक किया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन महाकाल का रूद्राभिषेक किया जाता है। रात्रि में श्रृंगार दर्शन व महाआरती की जा रही है। मंदिर प्रांगण मे प्रतिदिन विभिन्न ग्रहों की पूजा की जा रही है। बीते दिनों मंदिर प्रांगण में नवग्रहों की स्थापना की गई थी। उसके बाद से लगातार विभिन्न ग्रहों की शांति के पूजन अनुष्ठान किया जा रहा है। प्रतिदिन पूजन अनुष्ठान प्रातः 10 बजे प्रारंभ हो जाता है जो दोपहर तीन बजे भजन कीर्तन के साथ समाप्त होता है। मंदिर के आचार्य पंडित सुरेश पाण्डेय ने बताया कि 21 अगस्त को 33 दिनों का रुद्राभिषेक व अनुष्ठान का समापन होगा। प्रातः पार्थिव शिवलिंग का निर्माण पूजन होगा, उसके बाद हवन एवं पूर्णाहूति होगी।

### कोलिहामार में ध्वजारोहण शहीदों को किया नमन



**गुरूर।** स्वतंत्रता दिवस पर तहसील साहू सदन कोलिहामार गुरूर में कोषाध्यक्ष खेदूराम साहू ने ध्वजारोहण किया। समाज के पदाधिकारीगण द्वारा भारत माता, वीर शहीदों की तैल चित्र पर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण कर तिरंगा झंडा फहराया गया। ध्वजारोहण पश्चात कोषाध्यक्ष खेदूरम साहू ने कहा कि वीर शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। जिन्होंने देश की आजादी के लिए प्राणों की आहूति दी। आज ही के दिन भारत देश अंग्रेजों से आजाद हुआ था। जिसमें हमारे कई वीर सपूतों ने आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने जान की कुर्बानी दी थी। उन्होंने कहा कि आज हम उन वीर सपूतों को बारम्बार नमन करते हैं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष बालोद, सरक्षंक आरडी साहू, सचिव जीआर जेठमल, सचिव न्यायप्रकोष्ठ योगेश साहू, नन्दनी साहू, बिसे लाल साहू, सूर्यकांत साहू, पारक राम साहू, टोमन साहू, भूपेश साहू, जीवन लाल साहू, प्रभात महमल्ला, भूपेन्द्र सोनबोईर, जागेशवर साहू सहित स्कूली बच्चे एवं स्वजातीय बंधु गण उपस्थित थे।

राष्ट्रीय पर्व : सशस्त्र बल, पुलिस बल और छात्रों ने आकर्षक मार्चपास्ट किए

# अंचल में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस हर्ष उल्लास तथा गरिमामय ढंग से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने प्रातः 9 बजे स्व.सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम संदेश का वाचन भी किया। इस दौरान मुख्य अतिथि विजय बघेल ने शांति के प्रतीक श्वेत कपोत और हर्षोल्लास के प्रतीक रंगबिरंगे गुब्बारे भी आसमान में छोड़े। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में नीम के पौधे का रोपण भी किया।

कार्यक्रम में संजारी-बालोद के विधायक संगीता सिन्हा, डौण्डीलोहारा के विधायक अनिला भेड़िया, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, पवन साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू एवं बिरेन्द्र साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव एवं यज्ञदत्त शर्मा लीला शर्मा, केसी पवार सहित कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

- स्व .सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में हुआ मुख्य कार्यक्रम

समारोह में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा परेड में शामिल सशस्त्र बल, पुलिस बल के जवानों तथा स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट एवं हर्षफायर, राष्ट्रपति की जय का उद्घोष किया गया। इस अवसर पर सांसद बघेल ने जिले के शहीद जवानों के परिजनों को शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने जिला स्तर पर कर्तव्यों का श्रेष्ठ निर्वहन करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### छग सशस्त्र बल को मिला प्रथम स्थान

समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम और परेड में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को भी सम्मानित किया गया। इसके अंतर्गत परेड सीनियर में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल धनोरा को प्रथम स्थान, जिला पुलिस बल बालोद को द्वितीय स्थान एवं 21वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल करकाभाट को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह परेड जुनियर के अंतर्गत एनसीसी ब्लेज एकेडमी बालोद को प्रथम स्थान, रेडक्रास आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद को द्वितीय स्थान उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृखंला में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद को प्रथम स्थान, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल को द्वितीय एवं अरिहंत एकेडमी बालोद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में परेड कमाण्डर के रूप में रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा एवं उप निरीक्षक इंदिरा वैष्णव ने टूआईसी के दायित्वों का निर्वहन कर समारोह में आकर्षक मार्च पास्ट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### जिला कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण



**बालोद।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने प्रातः 8 बजे संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। चन्द्रवाल ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को हमारे महान देशभक्तों, अमर शहीदों के कार्यों एवं विचारों से प्रेरणा लेकर निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर राष्ट्र व समाज की सेवा में योगदान देने को कहा। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर देश की आजादी के लिए किए गए उनके अथक प्रयासों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।



### कलेक्टोरेट परिसर में 'दूध गंगा' केंद्र का शुभारंभ

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टोरेट परिसर स्थित कैंटिन में गंगा मैया दूध उत्पादक एवं प्रसंस्करण सहकारी समिति मर्यादित बालोद के 'दूध गंगा' के प्रथम अधिकृत वितरण केन्द्र का शुभारंभ किया। यहां वितरण केन्द्र प्रारंभ होने से अब कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा अपने काम के सिलसिले में कलेक्टोरेट आने वाले कर्मचारियों को दुध गंगा के शुद्ध उत्पाद मिल सकेंगे। इसके शुरू होने से कलेक्टोरेट परिसर के कैंटिन में अब अधिकारी-कर्मचारियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी वाजिब एवं कम दर पर कुल्हड़ दही, खीरकदम, रबड़ी ▶▶| शेष पेज 10 पर

# पानी निकासी को लेकर विवाद चचेरे भाई पर टंगिया से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पानी निकासी के लिए जगह नहीं होने की मामूली विवाद पर एक व्यक्ति ने अपने चचेरे भाई 12 वीं के छात्र 18 वर्षीय मुकेश साहू पर टंगिया से वार कर दिया।

आरोपी ने मुकेश साहू के गर्दन पर जोरदार प्रहार किया। गनीमत रही कि मुकेश बचने की कोशिश में नीचे झुका, जिससे उसके गले मे चोट कम आई। अगर वह अपने आप को बचाने नीचे नहीं झुकता तो टंगिया की धार उसके गले मे सीधा पड़ती और उसकी मौत भी हो सकती थी।। घटना के बाद घायल मुकेश को संजीवनी 108 एम्बुलेंस के माध्यम से तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज किया गया। घटना शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी की है। मामले में घायल युवक ने कोतवाली थाना में शिकायत की है।



### पानी निकालने को लेकर भिड़े

घायल मुकेश साहू ने बताया कि उनके घर के पास उनका और बारिश का पानी सड़क पर बहता है। जिसे उनके वार्ड के पंच द्वारा निकासी वाले जगह को बंद कर दिया गया है। जिसके कारण पानी वहां रुक जाता है। गेंदलाल साहू का अपने चचेरे भाई मुकेश के साथ विवाद शुरू किया और आक्रोश में आकर टंगिया से प्राणघातक हमला कर दिया।

युवक भानुप्रतापपुर से बालोद चार दोस्तों के साथ घूमने आया था

# मामूली विवाद पर चाकू से हमला, युवक की मौत नाबालिग सहित तीन आरोपी को पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज. बालोद

कोतवाली थाना से महज 2 किमी दूर दल्लीराजहरा मार्ग मे नेशनल हाइवे 930 में एक युवक पर कुछ युवकों ने मिलकर चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी की घटना के बाद घायल युवक के दोस्तों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद उसे हायर सेंटर रेफर किया गया लेकिन युवक की रास्ते में मौत हो गई। थाने से कुछ दूरी पर ▶▶| शेष पेज 10 पर

- थाने से महज कुछ दूरी पर वारदात से उठने लगे सवाल



मुख्य आरोपी नाबालिग, दो आरोपी को कोर्ट में पेश

मृतक उमेश दुग्गा की हत्या करने वालो में मुख्य आरोपी जिसने चाकू से हमला किया था वह नाबालिग है। वहीं सहयोगी आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को बालोद कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ले जाने के दौरान पुलिस की गाड़ी कुछ दूरी पर खराब हो गई, जिसके बाद आरोपियों को पैदल ही कोर्ट तक ले जाया गया।

### पिता ने कहा थप्पड़ मार कर छोड़ देते, जान क्यों ली

घटना की जानकारी लगते ही मृतक उमेश दुग्गा के पिता व अन्य परिजन रात में ही बालोद पहुंचे, जहां अगले दिन शुक्रवार को सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान मृतक के पिता के आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहा था। उन्होंने कहा कि बेटा को थप्पड़ मारने के बाद छोड़ देते, चाकू मारकर उसकी जान क्यों ले ली.? दरअसल मृतक अपने माता पिता का छोटा बेटा था और वह करीब एक माह पहले ही फारेस्ट विभाग में गार्ड की नौकरी पर लगा था।

स्टेडियम में नहीं हुआ स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम

# नगर में राष्ट्रीय पर्व चढ़ा राजनीति की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

एक मंच पर वर्षों से चली आ रहे राष्ट्रीय पर्व को स्थानीय लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में मनाने की परंपरा पर मानो ग्रहण लग गया। राष्ट्रीय पर्व पर सभी स्कूलों व जनता के बीच परस्पर भाईचारा का संदेश देने वाले कार्यक्रम का नहीं होना यह क्या दर्शाता है, आखिर इसका जिम्मेदार कौन है। जिसका निर्वहन प्रशासन एवं नगर पंचायत एवं अन्य विभागों की अब तक रही है, लेकिन इस राष्ट्रीय पर्व पर बगैर बैठक बुलाये कार्यक्रम आयोजित नहीं किये जाने का निर्णय समझ से परे हैं। कम से कम प्रत्येक राष्ट्रीय पर्व पर आम नागरिक जनप्रतिनिधि एवं शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुखों की बैठक लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाती रही है। अगर कार्यक्रम नहीं किया जाना था, तो कम से कम बैठक लेकर नहीं करने का कारण सभी को अवगत करा देना था। विशेषकर पूरे राष्ट्रीय कार्यक्रमों में प्रमुख भूमिका शैक्षणिक संस्थाओं की होती जिनमें बच्चों को एक मंच में कार्यक्रम देने का अवसर प्राप्त होता है, जिससे उन्हें देशभक्ति, राष्ट्रसेवा के प्रति त्याग व समर्पण, सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से कला संस्कृति का परिचय एवं एक प्रतिस्पर्धा में भाग लेने की क्षमता प्रदर्शित करने का अच्छा माध्यम होता है। ऐसे कार्यक्रमों से पालकों में अपने बच्चों के प्रति जो भाव पैदा होता है, वह भी धराशायी हो गया। कई संस्थाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने पूरी तैयारी कर ली थी, इस हेतु किराये से ड्रेस आदि की बुकिंग भी करा ली थी, यह सोचकर कि कम से कम कार्यक्रम तो होंगे। प्रशासन के इस निर्णय से आम नागरिक एवं संस्थाओं के साथ साथ बच्चों में काफी निराशा हुई है।

- नगर के स्कूली बच्चों का उत्साह मायूस में बदला

कई लोग तो कार्यक्रम देखने पहुंच गए तब पता चला कि स्टेडियम में कार्यक्रम हो ही नहीं रहा है, जहां पूरा राष्ट्र स्वतंत्रता दिवस को अमृत महोत्सव के रूप में पूरे उल्लास, उत्साह और उमंग से मना रहा है। वहीं नगर मुख्यालय में प्रतिवर्ष की परम्परा का गला घोंट कर तिरस्कार किया गया। जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ध्वजारोहण किया जाता, मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया जाता और खासकर इस राष्ट्रीय पर्व को लेकर जनता के बीच मनोरंजन व देशप्रेम की भावना के जागृत होने से नगरवासी व क्षेत्रवासी वंचित रह गए।

### गुण्डरदेही कालेज में उत्साह से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**गुण्डरदेही।** शासकीय शहीद कौशल यादव कालेज गुण्डरदेही में 78 वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.केडी.चावले एवं महाविद्यालय के जनभागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अश्वनी यादव ने स्वतंत्रता सेनानियों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया। प्राचार्य डॉ.केडी.चावले ने ध्वजारोहण कर महाविद्यालय को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता के बाद देश के विकास को रेखांकित किया। आने वाले समय में देश के सामने खड़ी चुनौतियों गरीबी, असमानता, साम्प्रदायिकता से निपटने के लिए युवाओं को आगे आने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के जनभागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अश्वनी यादव ने सम्बोधित करते हुए छात्र-छात्राओं में देशभक्ति की भावना का विकास एवं राष्ट्र के विकास में बढ़-चढ़ कर भागीदारी करने का संदेश दिया। महाविद्यालय के वरिष्ठ ▶▶| शेष पेज 10 पर

### तरंगित तार की चपेट में आने से युवक की मौत



**गुण्डरदेही।** नगर के बस स्टैंड के पीछे देवांगन पारा वार्ड 10 में 15 अगस्त के दिन हेमंत उर्फ पप्पू देवांगन 37 वर्ष अपने पिता के साथ अपने घर के लोहे के पाइप को छत पर रख रहा था। इस दौरान पाइप हाई टेंशन बिजली के तार से टकरा गया, जिससे युवक हेमंत देवांगन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही हेमंत देवांगन को बचाते उनकी बहन भी चपेट मे आ गई, हलाकि उनकी स्थिति ठीक है, जिनका इलाज गुण्डरदेही अस्पताल मे चल रहा है, युवक के दो बच्चे है।


पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेयी को पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**जामगांव आर।** छत्तीसगढ़ निर्माता व भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि अटल चौक जामगांव आर में मनाई गई। जामगांव आर भाजपा के प्रथम नगर अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, भाजपा के वरिष्ठ नेता बोरवाय पूर्व सरपंच लालजी डहरे, शासकीय कालेज जामगांव आर एवं सेजस जामगांव आर अध्यक्ष नरेश केला, मिडिल स्कूल सांसद प्रतिनिधि मुकेश साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर अध्यक्ष अरुण चंद्राकर, शासकीय विद्यालय पूर्व अध्यक्ष मनीष जैन, मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू, सोसायटी पूर्व अध्यक्ष रामकुमार चंद्राकर, मंडल मंत्री मेघनाथ सागरवंशी, युवा भाजपा नेता पंच रोमल साहू, आदेश यादव बलदाऊ चंद्राकर अटल चौक में पूर्व पीएम वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ छत्तीसगढ़ निर्माता अमर रहे के नारे लगाए और उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला।

### 96 नग देशी शराब जब्त

**भिलाई।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा विक्रय के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है।

आक्रोश : मशाल रैली निकालकर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही बर्बरता पर जताया विरोध

# विहिप व बजरंग दल ने जलाया जिहादियों का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

बांग्लादेश में हिंदू धर्म के अनुयायियों के साथ हो रहे खुलेआम अत्याचार,दुष्कर्म,तोड़फोड़ के विरोध में बालोद जिले के आदिवासी ब्लाक मुख्यालय डौंडी में जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता के नेतृत्व में हिंदू समाज ने विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के साथ आक्रोश व मशाल रैली निकालकर इस्लामिक जिहादियों का पुतला दहन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर तहसीलदार हिंसा राम नायक को ज्ञापन सौंपा।

दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि बांग्लादेश में हो रहे नरसंहार पर तत्काल रोक लगाने ठोस कदम उठाएं जाएं। बांग्लादेश से सभी तरह की व्यापारिक गतिविधियों व आर्थिक सहयोग पर प्रतिबंध लगाया जाए। यूनाइटेड नेशंस सिक्योरिटी काउंसिल यूरोपीय यूनियन और मानवाधिकार संगठनों में मुद्दे उठाकर बांग्लादेश पर दबाव बनाया जाए। एक ठोस रणनीति बना बांग्लादेश सहित पूरे विश्व में बसे हिंदुओं और सनातनियों की स्थिति पर नजर रखी जाय व विकट परिस्थितियों में उचित सुरक्षा व्यवस्था मुहैया करवाई जाए। बांग्लादेशी हिंदुओं और सनातनियों को भारत देश में शरण दी जाय। रोहिंग्याओं और अवैध रूप से देश में घुसपैठ करने वालो पर कड़ी कारवाई की जाए। धर्मांतरण एवं मतांतरण के खिलाफ सख्त कानून बनाया जाए। समान नागरिक संहिता कानून लागू किया जाए। इससे पूर्व आक्रोश रैली सर्वप्रथम जलते मशाल लेकर





गांधी चौक से आतंकवाद मुर्दाबाद,बांग्लादेश में हिंदू समाज पर अत्याचार बंद करो,भारत सरकार हस्तक्षेप करो,हिंदू समाज एक हो, हिंदू समाज जागेगा,इस्लामिक जिहादी भागेगा,जैसे विभिन्न नारों के साथ बाजार मार्ग होते हुए दुर्गा चौक मुख्य मार्ग पहुंची। पुतला दहन कार्यक्रम में आदिवासी जिला समाज प्रमुख देवेंद्र माहला ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू धर्म के अनुयायियों के साथ खुलेआम अत्याचार,कत्लेआम बर्बरता हो रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी ने कहा कि भारत सरकार को इसमें हस्तक्षेप कर संयुक्त राष्ट्र महासभा में बोलना चाहिए और हिंदू समाज की समुचित सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। विहिप जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने कहा कि आज बनवासी भूमि से हिंदू समाज की इस्लामिक जिहादियों को खुली ललकार है। यह ललकार बांग्लादेश के साथ भारत के प्रधानमंत्री,राष्ट्रपति तक पहुंचना चाहिए सर्व हिंदू समाज से आह्वान किया कि जाति पाती पंत को भुलाकर हिंदू मन,हिंदू तन,रखकर एकता बनाकर रखे। समाजसेवी संजय बैस ने कहा कि यदि हिंदू समाज के साथ अत्याचार होगा तो भारत का हिंदू सदैव उनके साथ खड़ा रहेगा। इस्लामिक जिहादी ताकतों का प्रतीकात्मक रूप से पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई डौंडी विहिप सोमेश साहू , बजरंग दल प्रमुख निखिल अग्रवाल ने की।

**ये रहे उपस्थितः** विहिप बालोद जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता,जिला उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल,ओम गोलछा,कोषाध्यक्ष स्वाधीन जैन,सोमेश साहू,प्रेम शुक्ला,शिवम सोनी, अजय चौहान, शुभ सिंह कोरेटी, दिनेश अग्रवाल, हिंसाराम, तेज रसाहू, गोरे सोनी, प्रकाश साहू निलेश वैष्णव,निलेश दुबे, रामनारायण धनकर,पूनम कोठारी,रूपेश जैन,निलेश जायसवाल, लालचंद जैन,हेमंत तन्ना,दद्दू जायसवाल, दीपक जायसवाल, राधिका भारद्वाज,रजनी जायसवाल सहित सैकड़ों हिंदू नागरिक उपस्थित थे।

## बेलौदी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मना

**लाटाबोड़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलौदी में 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः 7.30बजे शाला प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी के बाद शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलौदी के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति तथा गीत कविता की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर शाला के प्रभारी प्राचार्य रेणुका साहू ने स्वागत भाषण दिया।

उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शाला की गतिविधियों से उपस्थित अथितियों को अवगत कराया। शाला के सेवानिवृत व्यायाम शिक्षक सरजू राम साहू ने कक्षा दसवीं एव बारहवीं में स्थान बनाने वाले छात्र- छात्राओं जिसमें कु झमीटा मंडावी ललित कुमार ठाकुर धर्मेंद्र कुमार साहू डेविड कुमार साहू तथा कुणाल साहू को दो दो हजार रुपए की राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। आगामी वर्षों में कक्षा बारहवीं में 90%से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को दस हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा की। साथ ही शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्यामलाल मंडावी मोहन मंडावी नोहर सिंह साहू केजू राम साहू ओहग राम



साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम के नागरिकों छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें भारत देश को आजाद कराने वाले देश के वीर सपूतों को हमेशा याद रखना चाहिए। जिसके कारण हम इस स्वतंत्र भारत के नागरिक बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। अनुशासन में रहकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता कैलाश कुमार साहू द्वारा किया। आभार व्याख्याता नरेन्द्र कुमार साहू ने किया।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर ग्राम पंचायत बेलौदी के सरपंच कांति बाई सारथी विचित्र कुमार साहू नेत राम साहू रोहित कुमार साहू होलेश्वर् साहू विनोद कुमार खापरे टिकेश्वरी साहू गीता ठाकुर उमेश कुमार साहू तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक तथा शाला के समस्त शिक्षकगण

### कलेक्टोरेट परिसर में 'दूध गंगा' ...

रसमलाई, मिनी पेड़ा, काजू कतली आदि मिठाईयां आसानी से प्राप्त हो जाएगा। कलेक्टर चन्द्रवाल ने वितरण केंद्र का शुभांरभ करने के पश्चात स्व सहायता समूह के महिलाओं द्वारा संचालित कैंटिन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं से कैंटिन में उपलब्ध दूध गंगा के उत्पादों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कलेक्टोरेट परिसर में 'दूध गंगा' के प्रथम अधिकृत वितरण केन्द्र के शुभारंभ होने पर सराहना व्यक्त करते हुए कैंटिन का संचालन करने वाले स्व सहायता समूह के महिलाओं का मुँह मीठा कराकर उन्हें बधाई दी।

दूध गंगा के उत्पाद को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से दूध गंगा द्वारा रुचि की अभिव्यक्ति भी जारी की जा रही है। जिससे की स्वरोजगार के माध्यम

## पेज 9 के शेष

से व्यवसाय के लिए आवेदन कर अधिकृत समिति के केंद्र स्थापित कर सकेंगे। इसके अंतर्गत तीन मॉडल के आधार पर आवेदन मंगाये गए हैं, जिसमें पहला वितरण मॉडल, दूसरा किओस (गुमटी) एवं तीसरा फ्रैचाइसी मॉडल है। जिसके लिए आवेदक किसी भी एक मॉडल के लिए आवेदन कर सकते है।

### मामूली विवाद पर ...


वारदात से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। घटना 15 अगस्त गुरुवार की शाम करीब 4 बजे की है। जानकारी के अनुसार मृतक उमेश दुग्गा 28 वर्ष जो भानुप्रतापपुर क्षेत्र के फरसकोट गांव का रहने वाला था। वह अपने चार अन्य दोस्तों के साथ बालोद घूमने आया था। वापस लौटने के दौरान बालोद शहर के कुछ युवकों के साथ विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक ने उमेश दुग्गा पर पर चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद घायल उमेश दुग्गा को उसके अन्य साथियों ने बाइक में बैठा कर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रिफर किया गया, लेकिन रास्ते मे ही उमेश ने दम तोड़ दिया। हत्या के इस मामले में पुलिस ने कुछ ही घंटों में तीन युवकों को हिरासत में लिया और पूछताछ की। पूछताछ में तीनों ने हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों पर धारा 109, 103(1), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया।

**दोस्तों ने बताया, विवाद के बाद नाबालिग ने कैसे मारा चाकूः** उमेश दुग्गा के साथ मौजूद उनके दोस्तों ने बताया कि तीनों बालोद से अपने गांव के लिए निकले। शहर से कुछ दूर दल्ली रोड में स्कूटी सवार तीनों आरोपी जो बालोद के रहने वाले हैं वो सड़क पर खड़े थे। इस दौरान गालीगलौज किए तब उमेश ने गाली सुनकर आरोपियों को गाली देने से मना किया। इतने में विवाद बढ़ गया। आरोपियों ने उमेश दुग्गा के गाल में थप्पड़ भी मारा, इसके बाद उमेश दुग्गा और उनके दोस्त गाड़ी में बैठ कर वहां से निकलने ही वाले थे कि एक नाबालिग आरोपी ने चाकू निकाल कर उमेश के जांघ में चाकू घुसा दिया। घायल उमेश को दोस्त उसे तत्काल जिला अस्पताल लाया। तब तक उमेश के शरीर से काफी खून बह चुका था। वहीं डाक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

**वाहन खराब हुआ, पैदल ले गए कोर्ट** : एसडीओपी देवनांश सिंह राठौर ने कहा कि वाहन खराब हो गया था। चूंकि कोर्ट नजदीक था इसलिए और अपराधियों में भय लाने उक्त आरोपियों को पैदल ले जाया गया।

### गुण्डरदेही कालेज में उत्साह ...

प्राध्यापक डीएस.सहारे, आरपी.निषाद, डॉ. अभिषेक कुमार पटेल, डॉ. आशीष कुमार भुई, शिखा श्रीवास्तव, भूपेन्द्र कुमार, ऋतु सोरी, अतिथि व्याख्याता, कर्मचारी, छात्र–छात्राएं, एनएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवकों एवं गुण्डरदेही के वरिष्ठ पत्रकार परस साहू महाविद्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मिलित हुए।



















संकलनकर्ता : दीपक मित्तल, हरिभूमि संवाददाता, दल्लीराजहरा मो.: 9993246100



















संकलनकर्ता- ओम प्रकाश टुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद मो. 8085026287, 9425559113

## खबर संक्षेप



### नगर में सजी राखी की दुकानें

**डौंडीलोहारा।** रक्षाबंधन अब कुछ ही दिन शेष है, जो की 19 अगस्त को मनाया जाएगा। शहर में राखी दुकान पूरी तरह सज चुकी हैं। बहनें अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधने व अन्यत्र भेजने के लिए खरीदी कर रही है, जिससे अब दुकानों में भीड़ भाड़ नजर आ रही है। आजकल डोरी राखियों की मांग बहनों को ज्यादा लुभा रही है, जो कि सस्ती व आकर्षक भी लगती है। स्थानीय हरीश जनरल स्टोर के संचालक हरीश निषाद ने बताया कि दुकान में डोरी, रूद्राक्ष, कौड़ी, चंदन, चावल के दाने, स्टोन, मेटल आदि वैरायटी की राखियां 5 से लेकर दो, ढाई सौ रुपए तक की उपलब्ध है। नई वैरायटी में बच्चों के लिए लाइट व मैजिक वाला राखी उपलब्ध है। आजकल राखी बांधने के लिए नया ट्रेंड चालू हुआ है, उनके लिए लुंबा राखी उपलब्ध है।

### अर्जुनी में झंडारोहण के बाद बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी



**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत भवन अर्जुनी मे सरपंच करुणा साहू ने झंडारोहण किया तत्पश्चात स्कूली बच्चों ने गांव में प्रभातफेरी निकाली गई व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, पूर्व सरपंच घनाराम साहू, उपसरपंच अंजुराम ठाकुर, सहायक संचालक परमेश्वर हिरवानी, सेवा निवृत्त शिक्षक एचआर मंडावी, कमलदास हिरवानी, भरत साहू, मोहनलाल साहू, गुलशन साहू पंचायत सचिव आशीष शुक्ला, रोजगार सहायक तुलसी राम सिन्हा, आपरेटर अमित साहू, तुलसी राम साहू, राम प्रसाद साहू, लखन लाल साहू, पंच बिंदेश्वरी साहू एवन बाई साहू, चम्पेश्वर साहू, जयंती साहू, लोकेश्वरी ठाकुर, रजनी साहू, तुलेश्वरी साहू, जामवंतीन साहू,मानसिंह साहू, भुवन लाल साहू, हनुमान साहू, खेदूराम साहू, सुरेन्द्र हिरवानी, रविकांत साहू प्रधान पाठक चंद्राकर, पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका,मितानिन कार्यकत्रा सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## आयोजन : जिले में हर्षोल्लास, उमंग के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

# अंचल में आन बान शान के साथ मना स्वतंत्रता








हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के संजय नगर स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अपस्थित अतिथियों ने सरस्वती माता, भारत माता, अमर शहीद किरण कुमार देशमुख व शहीद नारद राम निषाद, बाबा साहेब अंबेडकर के तैलचित्र के समक्ष पूजन अर्चन व अध्यक्ष के करकमलों से झंडारोहण किया गया। कार्यक्रम में जनभागीदारी व विकास समिति के अध्यक्ष लिलेंद्र कुमार सिन्हा, संस्था प्रमुख लूणकरण ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि अशोक कुमार सिन्हा, मनीषा यादव अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पूर्व माध्यमिक विद्यालय,कमल कुमार आलेंद्र प्रधानपाठक माध्यमिक शाला, समस्त पालकगण, शिक्षकगण व बच्चें उपस्थित थे।

व्यायाम निदेशक सौरभ शर्मा, शिक्षक लोकेश्वर सिंह निषाद व सहायक शिक्षक हेमंत साहू के नेतृत्व में बच्चों के द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत नारों व गीतों के माध्यम से प्रभातफेरी निकाली गई, जो नगर के विभिन्न चौक चौराहों व गलियों से झंडारोहण करते हुए विद्यालय परिसर में सभा में परिणित हुई। मंचासीन अतिथियों द्वारा पूजा अर्चन के बाद स्वागत भाषण व्याख्याता प्रदीप कुमार मेश्राम द्वारा मंचासीन अतिथियों का परिचय व स्वागत कराया गया। उनके स्वागत के बाद संस्था प्रमुख लूणकरण ठाकुर के द्वारा स्वतंत्रता दिवस मनाने के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए हमारे देश के स्वतंत्रता के 78 वर्षो के संघर्षों को याद दिलाया गया कि किस प्रकार हमारा देश नित नये आयामों को छू रहा है। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक प्रभारी तेजेश्वरी साहू, एनुका शार्वा के नेतृत्व में मंचीय रंगारंग कार्यक्रमों के द्वारा छत्तीसगढ़ के संस्कृति को उकेरा व दिखाया गया। विधायक प्रतिनिधि अशोक सिन्हा ने आजादी के पर्वों को मनाए जाने के आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस दौरान होनहार छात्र - छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। संस्था प्रमुख लूणकरण ठाकुर द्वारा कक्षा दसवीं व बारहवीं में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त बच्चों को 1000-1000 रूपये से सम्मानित किया गया। जनभागीदारी समिति द्वारा आगामी परीक्षा परिणाम दसवीं व बारहवीं 2025 में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी नगद पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई। इस मौके पर सहायक शिक्षक हेमंत कुमार साहू व आभार ज्ञापन व्याख्याता लवण कुमार द्वारा किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति प्रभारी डुप्ले साहू, रामसहाय देशमुख, दुकालुराम साहू,वीरेंद्र कुमार भंडारी ,पुष्पा कटेंद्र,संगीता वैदे ,रीना मंडल, छाया नंदा, अविनाश कुमार साहू, रवीन्द्रनाथ योगी आदि का सहयोग रहा।

### भाजपाइयों ने फहराया तिरंगा



**डौंडीलोहारा।** स्वतंत्रता दिवस इस वर्ष भी स्थानीय नया बस स्टैंड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा के समक्ष भाजपाइयों ने ध्वजारोहण किया। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र जायसवाल की अगुवाई में भारत माता के तैल चित्र और पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई तथा राष्ट्रीय झंडा तिरंगा का ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री जयेश ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य होरी लाल रावटे, मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा, मंडल उपाध्यक्ष यतेन्द्र देवांगन, लता गुप्ता, मंडल महामंत्री संदीप लोढ़ा, जिला कार्यकारिणी सदस्य धीरेन्द्र टांक, नरेंद्र लुकंड, दिनेश लोढ़ा, सुरेश देशमुख, लिलेन्द्र सिन्हा, महावीर तातेड़, पलाश गुप्ता, पार्षद सुभद्रा टांडेकर, माया ठाकुर, दशोदा भूआर्य, मनीराम बघेल, आरती संचेती, टेकसिंह छेदाम, शिव भूआर्य, लतेल कंवर सहित अनेक नगरवासी उपस्थित थे।

### जनसंपर्क के कर्मचारी हुए सम्मानित



**बालोद।** जिला मुख्यालय के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में जिला जनसंपर्क कार्यालय के कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान किया गया।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल एवं अतिथियों द्वारा जिला समन्वयक सोशल मीडिया तनवीर अरमान एवं चौकीदार कृष्णशरण साहू को उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही राजेन्द्र कुंजाम, घनश्याम चन्द्राकर, हुलेश रजक एवं रूबीना खान सहित जनसंपर्क विभाग के सभी कर्मचारी मौजूद थे।



### शैलदेवी कॉलेज में ध्वजारोहण हुआ

**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। राजन दुबे अध्यक्ष शैलदेवी द्वारा देश के शहीदों को नमन कर स्वतंत्रता की लड़ाई में शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा हमें गर्व हो रहा है कि हम इस महान भारत देश के वासी हैं। हमें 78वें स्वतंत्रता दिवस के सुअवसर पर देश के महान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वहीं छात्रों ने स्वतंत्रता सेनानियों के महान बलिदानों पर भाषण प्रस्तुत किया गया जो अत्यंत मार्मिक और भारतीय हृदय में बहते रक्त को आंदोलित कर देने वाला था। इस अवसर पर प्राचार्य, उपप्राचार्य और समस्त प्राध्यापकों सहित वृहद संख्या में विद्यार्थी के साथ ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### जागृति स्कूल में फहराया गया तिरंगा



**अंडा।** जागृति उ.मा.विद्यालय परिसर में ग्राम बटरेल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू ने ध्वजारोहण किया। पंचायत में सरपंच अभय राम ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। मुख्य आयोजन में चार शालाओं के छात्रों ने सांस्कृतिक, कार्यक्रमों को प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य झरणा साहू, महेन्द्र कुमार साहू, रूपसिंह साहू, भोकलूराम साहू, यादव राम, भागदास मार्कण्डेय, प्राचार्य टीके पिपरिया, प्राना. मनीषा तिवारी, प्र.पा. डोकेश्वर साहू, खेमलाल, प्राणनाथ, लोचन साहू मीणा साहू, फुलेसरी साहू, कोमल सिंह, चन्द्रशेखर, अकालू सहित पंच गण समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### लमती स्कूल में हुआ ध्वजारोहण




डौण्डीलोहारा। प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला लमती के शाला परिसर में ध्वजारोहन किया गया। इसके बाद बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली और भारत माता का जयकारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा देश भक्ति गीत, वन्देमातरम् के साथ चौक चौराहों के ध्वजारोहण करते पुनः शाला प्रांगण पहुंचे। इसमें दोनों शाला के बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ के अनेक संस्कृति की झलक के साथ बस्तर के आदिवासी झलक के माध्यम से बच्चों ने प्रस्तुति दी। लोकेश कुमार रावटे ने स्कूल और गांव की अनेक समस्याओं को लोगों के बीच रखा। शिक्षक कन्हैया लाल बारले ने स्वरचित कविता खरखरा नदी के तीर में बसे मोर गांव लमती की कविता के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किए।



# जगह- जगह लहराया तिरंगा, शहीदों के बलिदान को याद कर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

नगर में स्कूल, प्रतिष्ठानों, आफिसों सहित आम घरों में भी तिरंगा लहराते रहे, सबके मन को भाते रहे रंगारंग कार्यक्रमों के साथ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सेजस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में सांस्कृतिक कार्यक्रम में विधार्थियों ने जमकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

सेजस में प्रतिभाशाली बच्चे सम्मानित किए गए। सरस्वती शिशु मंदिर में संगीत गायन मंचन संचालन विधार्थियों ने करके होनहार भविष्य की ओर कदम बढ़ाए। सभी विद्यालय के विघार्थियों ने गगनभेदी नारों के साथ नगर में भव्य जुलूस निकाले। विभिन्न सस्थाओं में जाकर ध्वजारोहण कराए। तत्पश्चात विद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में शरीक होने लोग पहुंचे।






**सस्थानों में इन्होंने किया ध्वजारोहण**: सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में 77 वर्षीय सेवानिवृत शिक्षक देवनारायण साहू, ग्रामपंचायत में सरपंच राजकुमार ठाकुर, शासकीय कालेज जामगांव आर एवे सेजस में शासकीय कालेज एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष नरेश केला, मिडिल में सांसद प्रतिनिधि मुकेश साहू, सोसायटी में अध्यक्ष भगवान सिंह चंद्राकर, शासकीय प्राथमिक शाला में पूर्व सरपंच शैलेंद्री मंडावी, किसान चौक में उप सरपंच देवकी चंद्राकर, पशु चिकित्सालय में प्रभारी डाक्टर बैंक में प्रतिनिधियों ने ध्वजारोहण किया।

**पालक, बालक व शिक्षक समर्पित होकर मेहनत करें**: स्वामी आत्मानंद स्कूल स्वतंत्रता दिवस समारोह में सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के दुर्ग विभाग टोली सदस्य एके जैन ने स्वतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वतंत्रता को स्वच्छंदता समझने की भूल नहीं करे। अपने कर्तव्यों का निर्वाहन



समर्पित होकर करे। उन्होंने कहा कि जब भी कोई भी व्यक्ति समर्पित होकर अपने दायित्वों का निर्वाहन करते हैं। तब स्वयं के भला के साथ साथ देश का भला होता चला जाता है। विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें। शिक्षक मन लगाकर पढ़ाए और पालक मन लगाकर बच्चे और शिक्षक के बीच सेतु बन जाए तो देश का भावी नागरिक होनहार होगा। जिससे देश संवरता चला जाएगा। उन्होंने कहा कष्टों से नहीं घबराए बिना कष्ट मंजिल नहीं मिला करती।

**विश्व बंधुत्वके साथ लक्ष्य के लिए समर्पित हो जाएं**: सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर स्वतंत्रता दिवस समारोह मुख्यातिथि सेवा निवृत शिक्षक देवनारायण साहू ने कहा कि स्वतंत्रता की गाथा देश के लिए समर्पित होकर जीने के लिए प्रेरित करती है। देश की स्वतंत्रता हमारे महापुरुषों की कुर्बानी से मिली है, महापुरुषों की सपनो को साकार करने के लिए विश्व बंधुत्व के साथ अपना लक्ष्य पूर्ति के लिए समर्पित होकर मेहनत लगन के साथ आगे बढ़े मंजिल कदम चूमेगी। समारोह में भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, ग्राम भारती जिला अध्यक्ष भारती सोनबेर, विद्यालय समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष बसंत शिंदे, सदस्य डा. एनके चंद्रवंशी, डा. केएस देवांगन, श्यामलाल चंद्राकर, मनीष जैन, प्रेमचंद चोरड़िया, डा गुलाब साहू, चंद्राकर, पवन बंछोर उपस्थित थे।

### वीर शहीदों के कारण खुली हवा में ले रहे सांस


पालक अंगेश्वर साहू स्वतंत्रता में बलिदानियों की गाथा और विद्यालय की व्यवस्था पर प्रकाश डाला।विधायक प्रतिनिधि रूपेंद्र शुक्ला ने कहा कि आजादी को अक्षुण्ण बनाए रखना है तो हम सब को आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ रहना होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेश केला ने शहीदों को नमन करते हुए उनके अथक परिश्रम को याद किया और कहा कि आज हम उन वीर शहीदों के कारण ही खुली हवा में सांस ले पा रहे है। कार्यक्रम के अंत में सेवानिवृत्त व्याख्याता आरएस साहू द्वारा हिंदी माध्यम के उत्कृष्ट परिणाम वाले दसवीं और बारहवीं के छात्रें का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, पालक समिति के अध्यक्ष राजेश वर्मा, उपाध्यक्ष डा गुलाब साहू, पूनम साहू, छन्नू राम साहू, सरपंच राजकुमार ठाकुर, पंच डीडी मानिकपुरी, सांसद प्रतिनिधि मुकेश साहू, मनीष जैन, मुकेश शुक्ला, डीडी मानिकपुरी, शैलेंद्री मंडावी विद्यालय के व्याख्याता चेतना ठाकुर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विनीता सुधीर और आभार प्रदर्शन राजेश पिल्लई ने किया।

### मेढ़की में हर्षोल्लास के साथ मना राष्ट्रीय पर्व



**बालोद।** ग्राम मेढ़की में स्वंतत्रता दिवस के अवसर पर गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। इस मौके पर प्राथमिक स्कूल, कला मंच और आजाद चौक में ध्वजारोहण कर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया। वही कला मंच में समाजसेवी व सेवानिवृत लेखापाल धनराज साहू ने भारतमाता के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे छोटे छोटे बच्चों ने कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर धनराज साहू, पंच मदन लाल देवांगन, होरीलाल गजपाल, अंब्रेश हिरवानी, देवेंद्र साहू, टहल साहू, मनोहर साहू, रूपनारायण देवांगन, संतोष पटेल, विक्की भारद्वाज, चंदन साहू, डालेश्वर भारद्वाज, बालक साहू, कुलेश्वर साहू सहित बड़ी सँख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से



21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग,
श्री तिरूपति बालाजी,श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 30,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

# अवैध कारोबार के खिलाफ बजरंग दल ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर में बढ़ते अपराध व आस पास के ग्रामों में अवैध कारोबार करने वालों से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में आये दिन नशे की हालत में कुछ लोगों द्वारा गैरकानूनी कार्य करने की शिकायत को लेकर बजरंग दल ने एसपी को पत्र सौंपा।

बजरंग दल बालोद ने मांग की है कि हाल ही में बालोद शहर व जिले के अंदर नशे के कारोबार करने के मामले सामने आए हैं। शहर व जिले के अंदर अवैध शराब, गांजा, नशीली गोलियों का विक्रय भी बढ़ रहा है। हाल ही में बालोद शहर के अंदर घटित घटनाओं में



भी नशा बड़ा कारण था। समय समय पर ऐसे मामलों पर कार्यवाही तो हो रही है, लेकिन कई ऐसे लोग आज भी इस अवैध धंधों को आगे बढ़ाने के कार्य में लगे हुए हैं। जिन पर कार्रवाई करने की आवश्यकता है। अवैध कारोबार में लिप्त ऐसे सभी अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही व बालोद शहर व जिले में ऐसे लोगों की धरपकड़ की जाए। पुलिस अधीक्षक से मिलने वालों में बजरंग दल संयोजक प्रदीप मीनपाल सह संयोजक जीत यदु, सोनू भारद्वाज, मोनू सोनवानी, रवि माधवानी, सतीश विश्वकर्मा, आशुतोष कौशिक, कमल बजाज, चित्रंश देशमुख, विक्की उर्वर्षा, लक्की साहू, योगेश ठाकुर, उजांशू देशमुख, कैलाश ठाकुर, चिरंजीव कौशिक, परितोष साहू, अंश योगी, अमित बिसाई, अमित कौशिक, सचिन यादव, सूर्या ठाकुर, तुषार ढीमर, गौतम माधवानी, आदि धुरवे, साईं आर्य, मनोहर यादव, लक्की पटेल, गोपाल बजाज आदि शामिल है।